हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

04 महागौर के किसानों को नहीं मिला मुआवजा...



07 36 वर्ष पूर्व आचार्यश्री के आगमन व पंच कल्याणक...





## खबर संक्षेप

### जागरूकता शिविर व चित्रकला प्रतियोगिता

**विदिशा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के मार्गदर्शन में सांदीपनी स्कूल एवं खेल स्टेडियम में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट साकेत जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवांगी सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनिमेष तिवारी और पैरालीगल वॉलेंटियर्स गुडीराम रघुवंशी उपस्थित रहे। दिव्यांगजनों के अधिकार, उपलब्ध विधिक सेवाओं और सम्मानजनक भागीदारी पर उपयोगी जानकारी दी गई तथा चित्रकला प्रतियोगिता से प्रोत्साहित किया गया।

### पांझ और मूडरा पीतांबर में शिविर लगाया गया

**विदिशा।** अटल पेंशन योजना से ग्रामीणों को जोड़ने जिले के ग्राम पांझ और ग्राम मूडरा पीतांबर में विशेष शिविर आयोजित किए गए। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योजना के लाभों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि लीड बैंक ऑफिसर बीएस बघेल ने बताया कि यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए बेहद लाभकारी है। इसमें 60 वर्ष की आयु के बाद 1000 से 5000 रुपए प्रतिमाह की सुनिश्चित पेंशन प्राप्त की जा सकती है। इन शिविरों का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना था।

### जिला स्तरीय समिति गठित की गई

**विदिशा।** नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, उन्नति तथा समग्र सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों की जिला स्तरीय कार्ययोजना तैयार कर गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। समिति में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ सहित 22 विभागों के अधिकारी सदस्य हैं।

### डीएम ने किया ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार त्रैमासिक रूटीन के तहत गुरुवार को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईव्हीएम गोडाउन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा, इलेक्शन सुपरवाईजर नरेन्द्र कुमार भांगरे भी साथ मौजूद रहे।

### नटेरन में युवा संगम का आयोजन 8 को

**विदिशा।** जिले के युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी एबी खान ने बताया कि युवा संगम कार्यक्रम के तहत 8 दिसंबर की सुबह 11 बजे से नटेरन जनपद पंचायत में आयोजित किया गया है।. युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों के लिये उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा।

### किसान ने सुपर सीडर से 50 बीघा में बोवनी की

**विदिशा।** विदिशा जिले के ग्राम चितोरिया में किसान मनोहर रघुवंशी ने कृषि विभाग से सब्सिडी पर मिली सुपर सीडर मशीन से 50 बीघा में रबी फसल की बोवनी की। इस तकनीक से नमी संरक्षण, अवशेष प्रबंधन और समय पर गुणवत्तापूर्ण बुवाई संभव हुई, जिससे उत्पादन बढ़ने और लागत घटने की संभावना है।

# 200 वर्ष पुराने 2 कौड़ी में बने रंगई पुल के लिए कल 6 दिसंबर को श्रमदान का आह्वान

## आवागमन बंद होने के कारण पुल पर उग आईं हैं झाड़िया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर की पहचान और ऐतिहासिक धरोहरों में गिना जाने वाला विदिशा-भोपाल मार्ग स्थित ग्राम रंगई में अंग्रेजों के जमाने में बने दो कौड़ी में बना पुल आज भी अपनी मजबूती के कारण आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लगभग 200 वर्ष पुराना यह पुल न केवल यात्रियों के आवागमन का साधन रहा, बल्कि विदिशा के इतिहास, संस्कृति, सामाजिक जीवन का साक्षी भी रहा है। समय के बदलते प्रवाह के बीच यह पुल आज भी मजबूती से खड़ा है, हालांकि हाल के वर्षों में पुल के आसपास झाड़ियां और वनस्पतियों की अधिकता के कारण इसकी संरचना ओझल होने लगी है। शहरवासियों ने इस ऐतिहासिक धरोहर को उसके मूल स्वरूप में पुनः स्थापित करने और स्वच्छ रखने का बीड़ा उठाया है। अरविंद श्रीवास्तव के अनुसार 6 दिसंबर शनिवार सुबह 7:30 बजे सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



**विदिशा।** बेतवा नदी के बीच आज भी खड़ा है 200 साल पुराना रंगई पुल।

### पीढ़ियों की यादों का प्रतीक दो कौड़ी के जुर्माने के एवज में बना पुल

स्थानीय निवासियों का कहना है कि दो कौड़ी का पुल महज़ मार्ग नहीं, बल्कि हमारी पीढ़ियों की यादों का प्रतीक है। कभी यह पुल ग्रामीणों और शहरवासियों के मुख्य आवागमन का जरिया था। लोगों की पीढ़ियां इसी पुल से होकर शहर आती-जाती रहीं। यही कारण है कि इसकी ऐतिहासिक महत्ता आज भी लोगों के दिलों में जीवंत है। ग्रामीण, बुजुर्ग, युवाओं और बच्चों सभी के लिए यह पुल भावनात्मक जुड़ाव का केंद्र रहा है। नगरवासियों का कहना है कि हमारी विरासत हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि पुल की मौजूदा स्थिति अभी भी ठीक है, लेकिन आसपास उग आई अनियंत्रित झाड़ियों को साफ करना आवश्यक है। यदि हम आज ध्यान नहीं देंगे, तो आने वाली पीढ़ियां इस धरोहर की भव्यता और इतिहास से वंचित हो सकती हैं। इसी विचार के साथ शहरवासियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस श्रमदान में सम्मिलित होकर अपने प्राचीन धरोहर के संरक्षण में योगदान दें। यह केवल सफाई का कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपने इतिहास, संस्कृति और सामूहिक सहभागिता को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। श्रमदान के बाद सभी मिलकर संवाद करेंगे और आगे भी शहर की ऐसी धरोहरों के संरक्षण हेतु योजनाएं बनाएंगे। रंगई स्थित दो कौड़ी का यह पुल आज भी शहर के गौरव का प्रतीक है। नागरिकों का यह प्रयास न केवल पुल को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में मदद करेगा, बल्कि समाज में जागरूकता व सहभागिता की भावना को भी मजबूत करेगा।

**निरीक्षणः** मंडी परिसर में सुरक्षा और साफ-सफाई पर दिया जोर, हॉस्टल के छात्रों से किया संवाद

# कलेक्टर ने रात में किया रैन बसेरा, मंडी व ओबीसी हॉस्टल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कड़ाके की ठंड के बीच जनसुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार देर रात शहर के विभिन्न स्थलों का अचानक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा, कृषि उपज मंडी परिसर एवं ओबीसी छात्रावास पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सबसे पहले विदिशा शहर के बसस्टैंड के समीप नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा पहुंचे। उन्होंने वहां ठहरने वाले लोगों से बातचीत कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बिस्तर, रजाई, पानी, साफ सफाई तथा प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण कर किसी भी स्थिति में जरूरतमंदों को ठंड में खुले में न रुकने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में पर्याप्त गरम बिस्तर, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रहें। वहीं अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बुधवार को एसडीएम कोर्ट कुरवाई का आकस्मिक निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने उपस्थिति पुस्तिका, लंबित प्रकरणों के निराकरण, रिकॉर्ड संधारण और फाइल प्रबंधन की स्थिति का परीक्षण किया। श्री डामोर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने, नागरिकों से सरल एवं संवेदनशील व्यवहार रखने और रिकॉर्ड को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई, दैनिक कार्यप्रणाली और प्रशासनिक अनुशासन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अपर कलेक्टर ने टीम को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करते हुए स्पष्ट कहा कि पारदर्शिता, दक्षता और तत्परता प्रशासन की मूल पहचान है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**विदिशा।** रैन बसेरा में पहुंचकर जायजा लेते हुए कलेक्टर व नपा सीएमओ।

### मंडी परिसर में सुरक्षा एवं सफाई पर दिया जोर

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रात में मंडी परिसर पहुंचे और वहां की सुरक्षा, प्रकाश, जल निकासी एवं चोकीदार व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रहे तथा रात्रि में प्रकाश व्यवस्था निर्बाध रूप से चालू रहे, जिससे परिसर में कोई असामाजिक गतिविधि न हो सके।

### हॉस्टल में छात्रों से संवाद, सुविधाएं देखीं

कलेक्टर ने ओबीसी छात्रावास का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर भोजन, आवास, पानी, स्वच्छता, सुरक्षा एवं पढ़ाई से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कमियों की ओर ध्यान दिलाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभाग को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### सशक्त वाहिनी अभियान के तहत आवेदन 10 तक

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सशक्त वाहिनी अभियान के अंतर्गत पुलिस भर्ती सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन तथा शारीरिक प्रशिक्षण की कक्षाएं पुलिस कंट्रोल रूम विदिशा में संचालित की जा रही हैं। इच्छुक बालिकाएं जिनकी आयु न्यूनतम 18 वर्ष हो तथा उन्होंने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की हो, वे 10 दिसंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग विदिशा कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। आवेदन कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदकाओं को आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज़ फोटो तथा कक्षा 10वीं-12वीं की अंकसूची की फोटोकॉपी साथ लाना आवश्यक है। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 94251-30150 पर संपर्क किया जा सकता है।

# छात्रावास भवन निर्माण में की गई अनियमितताओं का मुद्दा विधायक मुकेश टंडन ने विधानसभा में उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधायक मुकेश टंडन ने 4 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान शून्य काल में विदिशा नगर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर के छात्रावास भवन निर्माण में हुई गंभीर अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपए की लागत से बने इस नवीन छात्रावास भवन में निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण अनेक तकनीकी खामियां सामने आई हैं, जिसके चलते भवन आज तक संचालित नहीं हो सका है। विधायक टंडन ने सदन में कहा कि भवन में आंतरिक विद्युत व्यवस्था प्रारंभ से ही खराब है। कमरों और बालकनी में बरसात का पानी घुस आता है, जबकि बालकनी में ड्रेनेज पाइप तक नहीं लगाए गए हैं। सभी बाथरूम व टॉयलेट के नल क्षतिग्रस्त हैं और पूरी इमारत की दीवारों में दरारें उभर आई हैं। इसके साथ ही छत से सभी कमरों में पानी रिसने की समस्या भी गंभीर रूप से मौजूद है।



उन्होंने छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की और कहा कि ऐसी लापरवाही शिक्षा के महत्त्वपूर्ण ढांचे को प्रभावित करती है। विधायक ने भवन की तकनीकी जांच कर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## ढाई करोड़ से बैस-छीरखेड़ा व 1.90 करोड़ से सौंथर सड़क बनेगी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विधायक मुकेश टंडन की मांग पर राज्य शासन ने अनुपूरक बजट 2025 26 में विदिशा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौंथर से झिरनियां तक 1 करोड़ 90 लाख और ग्राम बैस से झीरखेड़ा तक 3 किमी मार्ग के निर्माण के लिए राशि 2 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति अनुपूरक बजट में दी है। सड़क निर्माण की स्वीकृति से आसपास के क्षेत्र ग्रामों के ग्रामीण जनों को आवागमन में भारी सुविधा मिलेगी। इस स्वीकृति के लिए विधायक मुकेश टंडन ने सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राज्य के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए से आभार व्यक्त किया।

# पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास के चुनाव संपन्न

## डॉ. विजय बहादुर सिंह अध्यक्ष और सुनील जैन सचिव बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पंडित गंगाप्रसाद पाठक ललित कला न्यास की आमसभा एवं त्रिवार्षिक चुनाव हुए।

चुनाव में जाने माने साहित्यकार डॉ विजय बहादुर सिंह अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद देवलिया, सुनील जैन को सचिव बनाया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष बृजकिशोर गोयल, कोषाध्यक्ष भरत लड्डा, सहसचिव प्रो अरविंद द्विवेदी बनाए गए। कार्यकारिणी में चक्रवर्ती जैन, सुदिन श्रीवास्तव, सतीश खत्री, प्रो जेएस चौहान, प्रो केके पंजाबी, अनंत सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया। स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में मनमोहन बंसल, सेठ सजंय जैन, सजंय पांडे, राजित राम, अरविंद श्रीवास्तव, ऋषि जालोरी, शशिकांत चतुर्वेदी को शामिल किया गया।

बैठक में पंडित गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास में डॉ नीरज शक्ति निगम, प्रो वनीता बाजपेयी, प्रो मणिमोहन मेहता, प्रो केके पंजाबी, मोहित रघुवंशी को न्यासी मनोनीत किया गया। बैठक में गांधीवादी डॉ सुरेश गर्ग, प्रकाश पाठक, भरत लड्डा, सुदिन श्रीवास्तव, कॉमरेड माधोसिंह, राजकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने 125 लीटर शराब के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

3 दिसंबर को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कागदीपुरा स्थित बटेश्वर मंदिर के पीछे एक गली में चबूतरे के पास बड़ी मात्रा में अवैध शराब छुपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान मौके से 125 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की गई। हेमराज राजपूत उर्फ नरेंद्र बाबा 44 वर्ष, पृथ्वी सिंह राजपूत 20 वर्ष दोनों निवासी कागदीपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने 125 लीटर शराब, 32 हजार 480 रुपए नगद जब्त किए हैं।



### पांच तार चोर धराए

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने अहमदपुर क्षेत्र के किसानों की सिंचाई लाइन का तार चोरी करने वाले 5 आरोपी जावेद खान, सईद, साजिद, सद्दाम, शरीफ कुरेशी को भोपाल से गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन टीआई आरके मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने करीब 3 लाख रुपए कीमत का तार चोरी की किया था।

## पुरानी रंजिश पर गाली गलौज करने और घसीटने वाली महिला को 6 माह की सजा

**विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सृष्टि कुशवाह की अदालत ने एक मामले में आरोपी गंगाबाई को 6 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

घटना 21 जून 2019 की है, जब फरियादिया को उसके घर के सामने पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा जमीन पर घसीटकर चोट पहुंचाई। शोर सुनकर फरियादिया का पुत्र शानू आया, तब आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गई। शिकायत पर थाना शहर बासौदा में मामला दर्ज हुआ, बाद में धारा 325 जोड़ी गई। न्यायालय में प्रभावी पैरवी एडीपीओ अंशुमान सुहाने ने की।

# सरकारी स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का एसडीएम का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लटेरी एसडीएम नितिन जैन ने गुरुवार को लटेरी क्षेत्र में स्थित सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आईं, जिसके बाद उन्होंने संबंधित विभागों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम जैन ने मदनपुर स्थित प्राथमिक स्कूल में निरीक्षण किया, जहां शिक्षक की गंभीर लापरवाही और कर्तव्य के प्रति उदासीनता पाई गई। इस पर उन्होंने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को संबंधित शिक्षक का एक महीने का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है। एसडीएम ने दो आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण कर वहां वितरित किए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता की जांच की। जांच के दौरान पोषण आहार संतोषजनक नहीं पाया गया। इस अनियमितता पर उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम जैन ने कहा कि सरकारी संस्थानों से जुड़ी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है तथा लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में 100 प्रतिशत मतदाता सूची शुद्धिकरण पूर्ण, उत्कृष्ट बीएलओ व सुपरवाइजर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विदिशा जिले में मतदाता सूची शुद्धिकरण एसआईआर कार्य तेजी से चल रहा है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता स्वयं क्षेत्रों में जाकर एसआईआर की स्थिति का अवलोकन कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन ने बताया कि जिले की दो विधानसभाओं 145 बासौदा और 146 कुरवाई में मतदाता सूची का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। बासौदा विधानसभा में 267 बीएलओ द्वारा 2 लाख 15 हजार 917 मतदाताओं का तथा कुरवाई विधानसभा में 296 बीएलओ द्वारा 2 लाख 40 हजार 630 मतदाताओं का सफलतापूर्वक एसआईआर कार्य पूरा किया गया।



अन्य विधानसभाओं में भी कार्य अंतिम चरण में है, जिनमें विदिशा में 98.11 प्रतिशत, सिरोंज में 98.90 प्रतिशत और शमशाबाद में 99.34 प्रतिशत कार्य संपन्न हो चुका है। 3 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित समारोह में 144-विदिशा विधानसभा के 15 बीएलओ और एक सुपरवाइजर को उनके क्षेत्रों में 100 प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सम्मानित सुपरवाइजर संदीप जैन तथा बीएलओ कमलेश कुमार सक्सेना, राजमोहन मीना, खालिद खान, अर्चना त्रिपाठी, भावना दुबे सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। नायब तहसीलदार कविता कड़ेला के आकस्मिक निधन से कार्य में विलंब के बावजूद बीएलओ और सुपरवाइजरों ने समयसीमा के भीतर कार्य पूरा किया।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-5260
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7905
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव- 5455
मसूर
न्यूनतम भाव-5480
उच्चतम भाव-6800
ज्वार
न्यूनतम भाव-1730
उच्चतम भाव-5410
मक्का
न्यूनतम भाव-810
उच्चतम भाव- 1720
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3165
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3535
गेंहू
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3150
धनिया
न्यूनतम भाव-7800
उच्चतम भाव-8100
उड़द
न्यूनतम भाव-4850
उच्चतम भाव-5800
मूंग
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5285
बटरी
न्यूनतम भाव-3010
उच्चतम भाव-3010
अलसी
न्यूनतम भाव-7010
उच्चतम भाव-7010

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 33894 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात कारणों के चलते चूहामार खाई

**गंजबासौदा**। गुरुवार को अंबानगर निवासी 23 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी चूहामार खा ली। तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने 108 एम्बूलेंस पर कॉल कर एम्बूलेंस बुलाई और युवती को उपचार के लिए शासकीय जनचिकित्सालय लेकर आए। सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के बयान लिए। खबर लिखे जाने तक युवती का उपचार जारी है।

### शीतलहर ने पकड़ा जोर

**गंजबासौदा**। दिसंबर माह की शुरूआत से ही तापमान में उतार चढाव जारी है। गत दिवस तक जहां सर्दी का जोर कुछ कम रहा वहीं गुरूवार को दिन में भी ठंडी हवाएं चलती रहीं और शाम होते ही शीतलहर की तीव्रता बढ गई। जिससे लोगों को ठिठुरन भरी सर्दी का एहसास होने लगा। सर्दी के बचाव के लिए लोग गर्म कपडे, स्वेटर, मफलर्र, टोप सहित अलाव का सहारा ले रहे हैं। उधर मौसम विभाग ने 5 दिसंबर से तापमान में गिरावट आने और सर्दी का जोर और बढने की संभावना जताई है।

# अभिभाषक संघ चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अभिभाषक संघ के चुनाव में बुधवार को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिसमें कुल 21 प्रत्याशी मैदान में है। अध्यक्ष एवं पुस्तकालय सचिव पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला बताया जा रहा है। अन्य पदों पर दो-दो प्रत्याशी ही मैदान में हैं। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राकेश अरोरा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट आकाश कुर्मी ने बताया कि प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। कुल 21 प्रत्याशी मैदान में है। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों में मुकाबला है। इनमें प्रमुख रूप से नरेंद्र व्यास, अमान सिंह राजपूत और डॉ अखिलेश लाहौरी हैं। जबकि उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी मैदान में है। इनमें सुनील भावसार एवं द्वारका प्रसाद किरार हैं। सचिव पद के लिए राजेश शर्मा भूपेंद्र सिंह राजपूत, सह सचिव पद के लिए सुरेंद्र सिंह राजपूत, सौरभ सक्सेना, कोषाध्यक्ष पद के लिए घनश्याम सिंह रघुवंशी, सिद्धार्थ कुमार जैन, पुस्तकालय सचिव के लिए अर्जुन सिंह कुर्मी, कमाल पाशा माथुर, गजराज सिंह अहिरवार



प्रमुख हैं। जबकि कर्यपरिषद सदस्य के रूप में मानक लाल प्रजापति ,दिनेश नामदेव, नरेन्द्र सिंह राजपूत, रुपेश कुशवाह, धर्मेंद्र रघुवंशी शामिल हैं। कार्य परिषद की आरक्षित पद महिला के लिए रुचि जैन और मंजू कुशवाहा के बीच मुकाबला है। 299 अभिभाषक मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पोस्टल मतदान आगामी 16 एवं 17 दिसंबर को होगा। जबकि आगामी 19 दिसंबर को अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए मतदान पुराने तहसील भवन के पास स्थित अभिभाषक संघ कार्यालय में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# वरिष्ठ पत्रकार स्व. मानोरिया के निधन पर दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

म. प्र. आंचलिक पत्रकार संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब विदिशा के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अशोक मनोरिया का गत दिवस निधन हो गया है। गुरूवार को श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में प्रेस क्लब गंजबासौदा द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें स्व. मानोरिया के निधन पर सभी पत्रकारों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए, उनसे जुड़ी यादों को स्मरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय अशोक मनोरिया सकारात्मक निष्पक्ष पत्रकारिता के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन काल में स्वच्छ सकारात्मक व निष्पक्ष पत्रकारिता कर अपनी एक अलग पहचान बनाई। स्वर्गीय अशोक मनोरिया रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब, रोगी कल्याण समिति, जिला उद्योग संघ, पुरातत्व समिति, जिला क्रिकेट संघ, दिगंबर जैन समाज सहित अनेक संगठनों से जुड़े रह कर सराहनीय कार्य करते रहे। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक, यशपाल यादव, ओमप्रकाश चौरसिया, सत्यनारायण शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष नीतेश नायक, आशीष रघुवंशी, राजा छारी, अमित शुक्ला, एलएन चौबे, सुरेंद्र पस्तोर, सुरेश तनवानी, योगेश अग्रवाल, घासीराम सेन सहित अनेक पत्रकारगण मौजूद रहे।

## किसानों ने फिर की मुआवजा दिलाए जाने की प्रशासन से मांग

# महागौर के किसानों को नहीं मिला मुआवजा, रिंग रोड का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर के आसपास रिंग रोड निर्माण को पूरे एक वर्ष बीतने के बाद भी महागौर के किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला। जिससे ग्राम के किसान मुआवजे की मांग को लेकर दर दर भटकने को मजबूर हैं। मामला महागौर से पचमा रोड तक डाले जा रहे रिंग रोड का है। ग्राम के किसानों ने बताया कि जब हमारी फसल खड़ी थी। तब अधिकारी एवं सड़क डालने वाले ठेकेदार आए थे और हमारी खड़ी फसलों में नपती कर रिंग रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया था। किसानों को प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि मुआवजा की राशि शीघ्र ही उन्हे दे दी जाऐगी। लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। शीघ्र मुआवजा राशि मिलने की आस के



चलते किसानों ने अपनी खेतों में खड़ी फसलों को हटाकर अपने ही पैसों से तथा उधार रुपए लेकर तार फेंसिंग आदि कर ली थी। जिससे उन्हें फसल का तो नुकसान हुआ ही लेकिन उनकी जमीन का मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया। कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों से कई बार किसान मुआवजे की मांग कर चुके हैं एवं प्रशासन को भी पूरी जानकारी दे चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। ग्राम के रविंद्र सिंह, शालिगराम, चंद्रभान सिंह, रामराज, इंद्राज, वीरेंद्र, विक्रम, राजेश सहित अनेक ग्रामवासियों को सड़क किनारे के आसपास के किसानों को भी मुआवजा नहीं मिला है। यहां उल्लेखनीय है कि रिंग रोड निर्माण के शुभारंभ अवसर पर रिंग रोड निर्माण शुरू होने के पूर्व ही सभी किसानों को मुआवजा वितरण का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद भी अभी तक किसान मुआवजे के लिए परेशान हो रहे हैं। यदि शीघ्र मुआवजा वितरण की कार्रवाई शुरू नहीं होती है तो रिंग रोड का निर्माण भी प्रभावित हो सकता है।

इस संबंध में तहसीलदार अरविंद यादव का कहना है कि रिंग रोड निर्माण में भूमि अधिग्रहण आपसी क्रय नीति के आधार पर किया जा रहा है। इसी नीति के तहत मुआवजा वितरण के लिए ग्राम महागौर के भूमि स्वामियों की फाइल स्वीकृति के लिए वरिष्ठ कार्यालय भेजी गई है। शीघ्र ही इसकी स्वीकृति मिल जाएगी।

# गौसेवकों ने रेस्क्यू कर कुएं में गिरी गाय को सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गुरुवार को दोपहर के समय नगर के वार्ड क्रमांक 16 पुराने नगर पालिका के पास स्थित एक कुएं में गाय गिर गई। स्थानीय नागरिकों ने इसकी जानकारी तत्काल विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी। सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका अमले को भी घटना के बारे में सूचित किया और गाय को बाहर निकालने की तैयारी शुरू की। गाय को कुएं से निकालने के लिए एक बड़ा जाल मंगाया गया। दीपक शर्मा नामक एक व्यक्ति तुरंत कुएं में उतरे। कुए के ऊपर खड़े बजरंग दल कार्यकर्ताओं और नगर पालिका अमले ने रस्सी से जाल को मजबूती से बांधकर नीचे फेंका। दीपक शर्मा ने सावधानी पूर्वक गाय को जाल में लपेटा। इसके बाद, ऊपर खड़े लोगों ने बारी-बारी से रस्सी के सहारे जाल को ऊपर खींचा। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सकुशल कुएं से बाहर निकाल लिया गया। यह कुआं काफी पुराना है और उसमें पानी भी भरा हुआ है। कड़ी मेहनत से गाय को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों की मदद से अब कुएं के ऊपर लोहे की जाली लगाई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। नीलेश अग्रवाल ने बताया कि दीपक शर्मा और गोलू प्रजापति के सहयोग से गाय को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस बचाव अभियान में नारायण सोनी, वरुण चौबे, शक्ति सिंह, दरोगा राजेश बाल्मीकि, धर्मेन्द्र मैना, जगदीश बाल्मीकि, गोलू प्रजापति, संग्राम सिंह राजपूत, दिनेश प्रजापति सहित अनेक गौसेवक मौजूद रहे।

# सड़क पर देर तक लड़ते रहे सांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को सुबह के समय त्योंदा रोड पर दो सांड सड़क पर लगभग आधे घण्टे तक आपस में लड़ते रहे। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालकों, पैदल राहगीरों एवं आसपास के दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कभी सांड शांत होकर खड़े हो जाते तो कभी एक दूसरे से जोर आजमाईश करने लगते। इस दौरान देर तक वाहन चालक और पैदल राहगीर सड़क किनारे खड़े रहे और सांडों की लड़ाई शांत होने का इंतजार करते रहे। प्रत्यक्षदर्शी बब्लू ने बताया कि सांडों की लड़ाई देर तक चली। इस दौरान दोनों सांड जोर आजमाईश करते रहे। सांडों को अलग करने के लिए दुकानदारों ने बहुत प्रयास किए लेकिन वह अलग नहीं हुए। जिसके बाद कुछ युवकों ने बाल्टी से पानी भरकर सांडों पर डाल दिया तब जाकर सांडों की लड़ाई शांत हुई।

# सद्गुरु आश्रय ही भगवान तक पहुंचने का मार्गः महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में विभिन्न देवी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही संगीतमय श्रीरामकथा के समापन पर प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि जब जीव विषयों में लिप्त हो जाता है तो भगवान की स्मृति क्षीण हो जाती है। जैसे सुग्रीव को राज्य मिलने के बाद प्रभु का स्मरण न रहा। 5 दिसंबर को देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के साथ 6 दिसंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाऐगा। राम कथा के दौरान कथावाचक प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि गृहस्थों को वर्ष में एक-दो बार अवश्य धाम यात्रा करनी चाहिए, क्योंकि परमधाम की प्राप्ति प्रभु की अनुकम्पा से ही संभव है। महाराज ने कहा कि भगवान तक पहुँचने की यात्रा के लिए पहले सद्गुरु के आश्रय में जाना आवश्यक है। प्रणाम, सेवा और धारिता के महत्व पर विवेचन करते हुए उन्होंने बताया कि जो भगवत संकेत समझकर लौट आता है वही सौभाग्यशाली है।



कथा में किष्किंधा से अयोध्या तक के प्रसंगों का रसपान करते हुए महाराज ने किष्किंधा कांड, सुंदरकांड, लंका विजय और रामराज्याभिषेक के प्रसंगों का भावपूर्ण गायन किया। हनुमानजी के दासत्व, सेवाभाव और प्रभु के अनुग्रह की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान की सेवा सभी से नहीं हो पाती। संसार की चिंता से पहले स्वयं को भगवान के चरणों में ले जाना चाहिए। सत्य को बुद्धि से जानने की नहीं, आस्था से मानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जीव की अंतिम इच्छा अपने उद्गम में लौटना है, जैसे नदियों का लक्ष्य सागर ही होता है। कथा का आयोजन श्रीधाम बासौदा दरबार के पीठाधीश्वर हरिनारायण पाठक के संकल्प से हो रहा है। मुख्य यजमान अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने सपरिवार व्यासपीठ पूजन किया। शरद पाठक, देव पाठक व श्याम पाठक सहित अन्य प्रबुद्ध जन आरती में सम्मिलित हुए। महाराज के भजनों ने वातावरण को भक्ति से भर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भगवान दत्तात्रेय की जयंती मनाई

**गंजबासौदा**। गुरुवार को भगवान दत्तात्रेय की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पुरानी नगर पालिका के पास स्थित दत्त मंदिर में किया गया। सुबह 9 बजे अभिषेक और पादुका पूजन हुआ, जबकि दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव पालना झूलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भगवान दत्तात्रेय के भजनों की प्रस्तुति दी गई। उपस्थित भक्तों ने भगवान दत्तात्रेय के जीवन पर भी प्रकाश डाला। दत्त मंदिर के प्रमुख एवं समाजसेवी दिलीप देसाई ने बताया कि भगवान दत्तात्रेय की जयंती मार्गशीर्ष महीने में हर साल मनाई जाती है। यह नगर का एकमात्र मंदिर है, जहां दर्शन के लिए सुबह से शाम तक भक्तों की कतार लगी रहती है। जयंती के उपलक्ष्य में शाम को महाआरती और प्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया। वहीं शाम के समय गणेशपुरा, वार्ड नंबर 18 अनिल अभ्यंकर निवास पर आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी में कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने अपना सर्वश्रेष्ठ झोंक दो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष मे स्वतंत्रता सेनानी महान गौ सेवक शिक्षाविद राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रेरणा पुरूष स्वामी ब्रह्मानंद लोधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुऐ लोधी समाज जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह लोधी ने संत ब्रह्मानंद के बताऐ मार्ग पर चलकर राष्ट्र को शिक्षित समर्थ आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत बनाने का आह्वान नवयुवकों से किया। विकास खंड अध्यक्ष पूरन सिंह लोधी ने बालिकाओं से महारानी अवंतीबाई लोधी जैसा निडर, बहादुर, निर्भीक, भारत माता की शेरनी बेटी बनने की बात कही। रविन्द्र जैन ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिऐ सभी से प्रेम और स्नेह का व्यवहार करने जाति वर्ग पंथ समुदाय धर्म आधारित छुआछूत भेदभाव दूर करने नव भारत के निर्माण पर जोर दिया। युवा नेता उमेश लोधी ने कहा हम आपस मे लड़े इसलिए अंग्रेज हम पर राज कर सके। जिसमे लाखों अवंतीबाई लोधी, बेगम हजरत महल ,लक्ष्मीबाई, बहादुर शाह जफर, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल शहीद हुऐ, तब आजादी मिली। इस आजादी की कीमत पहचानिऐ आपस में लड़ना झगड़ा बंद करो, हम बटेगे तो देश को ही नुकसान होगा। सब मिलकर रहो ताकि भारत आगे बढे। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने संत स्वामी ब्रह्मानंद लोधी के जीवन परिचय को सुनाते हूऐ शिक्षा के क्षेत्र में गौ सेवा व संवर्धन के लिऐ उनको याद किया तथा सभी से संत के जीवन से सीख लेकर भारत माता को पुनः विश्व गुरू के सिंहासन पर विराजमान कर परम वैभव तक ले जाने की शपथ ली। इस अवसर पर शाला की बाल कैबिनेट के राष्ट्रपति चाँदनी पंथी, प्रधानमंत्री ऋषिराज लोधी के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपकर शाला में दो साल से गणित विज्ञान की पढ़ाई न होने पर शिक्षक उपलब्ध कराने, शाला में लाइट लगाने, बाउंड्रीवाल बनवाने व पौधों की जालियां चोरी करने वाले, पेड़ पौधों को तोड़ने वालों के खिलाफ कठोरतापूर्वक कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर महेंद्र सिंह ठाकुर, रामबाबू सोनी, चतर सिंह लोधी, भगवती बाई लोधी, नुपुर लोधी, रानी लोधी, प्रियांशी सेन, मानसी राजपूत, दीपेश लोधी, कार्तिक लोधी, अंशुल पंथी, भावना लोधी, प्रियंका लोधी, अरूण लोधी , परी लोधी , यश पंथी, अंश लोधी, सलोनी मालवीय, ललिता लोधी, कशिश विश्वकर्मा, यश लोधी, ऋषभ पंथी, पवन लोधी, चित्रांश पंथी, सूर्यांश विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### दो युवकों पर बदमाशों ने चाकू से किया हमला

**गंजबासौदा**। गत दिवस रात्रि के समय रंग पुट्टी का काम खत्म कर वापिस लौट रहे दो युवकों पर बदमाशों ने हमला कर दिया। जिन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन अहिरवार और अन्नू कुमार हरिपुर क्षेत्र में बने एक मकान में रंग पुट्टी का काम कर लौट रहे थे। विधायक गली के पास दो बदमाशों ने उन्हें रोका और बाइक की चाबी निकाल ली और तलाशी लेने लगे। सचिन ने विरोध किया तो एक बदमाश ने पेट और हाथ में चाकू मार दिया। दूसरे युवक ने अन्नू के सिर पर ठोस चीज से वार किया। दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। दोनों को शासकीय अस्पताल लाया गया। सचिन की हालत गंभीर होने पर उसे विदिशा भेजा गया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी और बताया जाता है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और शीघ्र उनकी गिरफ्तारी हो सकती है।

# सजगता, जागरुकता ही एड्स से बचाव का उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में आई.सी.टी.सी. स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना बालक-बालिका इकाई के तत्वावधान में एड्स सप्ताह अन्तर्गत एड्स कारण और समाधान विषय पर सेमीनार सम्पन्न हुआ। सेमीनार में कक्षा नौवीं से कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा। सेमीनार में आईसीटीसी काउंसलर सीमा रघुवंशी ने छात्र, छात्राओं से प्रश्नोत्तर संवाद करते हुए एड्स के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि एड्स संक्रमित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है। गलत यौन संबंध बनाने, नशा करने, गलत तरीके से इंजेक्शन लगने, संक्रमित व्यक्ति का रक्त चढ़ने तथा गर्भवती माता से बच्चों में एड्स होता है। इसी तरह टीआर काउंसलर राखी शर्मा ने बचाव के तरीके पर बात रखी। उन्होंने बताया कि मरीज की हर प्रकार की



गोपनीयता रखी जाती है। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि आज विश्व में चार करोड़ लोग एड्स संक्रमित हैं। अकेले मध्यप्रदेश में 70 हजार लोग एड्स संक्रमित हैं। प्रत्येक दिन दस-बारह लोग एड्स संक्रमित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2030 तक एड्स को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि संस्था भी एनएसएस के माध्यम से एड्स जागरुकता गतिविधियों में सक्रिय रहती है। एड्स जागरुकता समाज के हर स्तर पर आवश्यक है। प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने अतिथियों का आभार जताया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रश्नोत्तरी में विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। संचालन दिनकर कद्रे ने किया। कार्यक्रम में प्रियंका अग्रवाल, रजनी गुप्ता, गोविंद कुशवाह, विवेक दुबे, दीपेश मीणा, सोनू राय, अजय विश्वकर्मा ने सहयोग किया।

## खबर संक्षेप

### श्रम न्यायालय में नवीन श्रम संहिता के तहत होगी मामलों की सुनवाई

**सागर।** श्रम न्यायालय सागर का संचालन औद्योगिक न्यायालय म.प्र. इंदौर के निर्देशानुसार पुरानी सिविल कोर्ट सागर के कक्ष कमांक 89 में किया जा रहा है तथा उक्त न्यायालय में औद्योगिक न्यायालय इंदौर के निर्देशानुसार नवीन श्रम संहिता लागू होने के उपरांत म.प्र. औद्योगिक संबंध अधिनियम के अंतर्गत नवीन मामले ग्राह्य किए जा रहे हैं और वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम व कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के पूर्व से लंबित मामलों की सुनवाई की जा रही है। मात्र औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत लंबित मामलों की सुनवाई न करते हुए उन्हें औद्योगिक संबंध संहिता की धारा 51 अनुसार नवीन गठित होने वाले औद्योगिक अधिकरण को अंतरित किया जाना है।


### स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन किए आमंत्रित

**सागर।** मप्र शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस.ई. शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं है।

### राष्ट्रीय संत मुनिश्री सुधा सागर महाराज का पहला तीर्थ क्षेत्र सिरोंज अतिशय क्षेत्र नसिया जी

# 36 वर्ष पूर्व आचार्यश्री के आगमन व पंच कल्याणक महोत्सव का किया स्मरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

दिगम्बर जैन बडें मंदिर में 36 वर्ष पूर्व पूज्य संत शिरोमणि आचार्य गुरू विघा सागर जी महाराज का मंगल पर्दापण व मंगल आगवानी सिरोंज नगरी में हुई। उस ऐतिहासिक दिन की याद करते हुए पूज्य आचार्य गुरू देव के चरण कमल के साथ राष्ट्रीय संत पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज भी यहा विरामान थें। उन्हें पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के लिए श्री 1008 बाहुवली भगवान की 15 फीट उतंग खडगासन प्रतिमा का पंच कल्याणक होना था। पूज्य गुरुदेव 8 दिन के अंदर कुंडलपुर से बिहार करते हुए सीधे सिरोंज नगरी में पहुंचे इसी दिन श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी में पूज्य गुरुदेव का मंगल प्रवेश हुआ। उनका स्मरण करते हुए आज सभी भक्तों ने उस स्मृति को याद किया और एवं अपने-अपने स्मृति को पूज्य गुरु जी के समर्पित की। उस समय आगवानी से लेकर पंचकल्याण तक की सभी कार्यक्रमों में भव्यता प्रदान की। पंचकल्याणक महा महोत्सव एवं त्रय गजरथ महा महोत्सव में सभी समाज जन सम्मानित किया गया। उन सब पूर्व स्मृतियों को याद करते हुए आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन किया गया। गुरूवार को प्रातः काल भगवान का अभिषेक शांति धारा उसके पश्चात पूजन एवं पूज्य गुरुदेव के समक्ष दीप प्रजलन के पश्चात विधान का आयोजन किया गया। उसमें बा.ब्र.वहिन निर्मला दीदी,नेहा दीदी,दिशा दीदी,बालब्रम्हचारी जीतू भैया जी के मंगल निर्देशन में यह सभी कार्यक्रमों के सा आनंद संपन्न हुए एवं 48 दीपों से महा आरती का कार्यक्रम भी रहा। इसमें सभी समाजजन एवं दिव्या देशना महिला मंडल आाि ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

#### आचार्यश्री व मुनिश्री सुधा सागर के स्मरणों को सुनाया

जैन समाज की महिलाओं ने स्मर्णो को सुनाते हुए कहा कि हमने महाराज श्री आगवानी व महाराज श्री के आहार का चौका एंव उनकी आगवानी की भव्य तैयारियो को भी याद करते हुए कहा कि ऐसे क्षण हमें बार बार प्राप्त हों। कई महिला तो स्मर्ण सुनाते सुनाते भावुक हो गई।

#### जर्नल कैप्टन स्व श्री सैनानी को किया याद

कार्यक्रम के दौरान बा.ब्र.वहिन निर्मला दीदी ने अपने उदबोधन में स्व निर्मल कुमार सैनानी द्वारा दी गई। गजरथ महोत्सव की अहम भूमिका को याद किया। इसी बीच स्व श्री सैनानी के पुत्र आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने उस समय का स्मर्ण करते हुए बताया कि मेरे पिता श्री ने पंच कल्याणक एंव आचार्य श्री व मुनि श्री सुधा सागर महाराज की आगवानी व उनके द्वारा सम्पन्न पंच कल्याणक महोत्सव के साथ उनके सेवाओं को याद किया।

#### आगवानी से लेकर पंचकल्याण तक भव्यता

सन 1989का दिन एक सिरोंज नगर के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। इस दिन पूज्य संत शिरोमणि आचार्य गुरु विद्यासागर जी महाराज का मंगल पर्दापण मंगल आगवानी सिरोंज नगर में हुए उस समय आगवानी से लेकर पंचकल्याण तक के सभी कार्यक्रमों में भव्यता प्रदान की। पंचकल्याणक महा महोत्सव एवं त्रय गजरथ महा महोत्सव में सभी समाज जन एवं केसरीमल जैन भूपत परिवार को सवाई सिंघई की उपाधि से सम्मानित किया गया एवं भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य अशोक जैन के पूज्य पिताजी लक्ष्मीचंद जैन कोठा परिवार को सिंघई की पदवी जी से शील चंद जैन बगरौदा परिवार को उपाधि से सम्मानित किया गया था। उस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए केसरीमल जैन,कल्याणमल जैन,निर्मल कुमार जैन सेनानी,सुखलाल जैन ठेकेदार,विजय जैन ठेकेदार, नायक श्री जिनेंद्र जैन कोठा देशराज गोहिल, वीरेंद्र भूपत,गुलाब चंद जैन, रतन लाल चंपतशाह,सरदारमल जैन चंपतिया,प् रकाश चंद जैन गुलाबगंज परिवार जैन मोहन लाल जैन नगर सिरेमल जैन भूपत विरदी चंद जैन नेमीचंद जैन, मांगीलाल चांदमल जैन भौरिया रविंद्र जैन विजय राज राजेंद्र जैन घेतल लक्ष्मीचंद जैन मिठया रमेश जैन मिठया आदि परिवार प्रमुख भूमिका में रहे। उस पंचकल्याणक के अध्यक्ष कल्याणमल जैन रहे एवं महामंत्री सुहागमल जैन घेतल एवं कैप्टन स्व निर्मल कुमार जैन सेनानी के नेतृत्व में यह पंचकल्याणक सानंद संपन्न हुआ।

आज सिरोंजवासियो का बडा गर्व महशूस होता है कि राष्टीय संत मुनि श्री सुधा सागर महाराज का सिरोंज अतिशय क्षेत्र नसिया जी मुनि का पहला तीर्थक्षेत्र रहा है। सिरोंज जैन समाज की पहचान भी मुनि के प्रथम तीर्थ क्षेत्र के रूप में मानी जाती है। वही नसिया तीर्थ क्षेत्र पर निर्माण कार्य भी मुनि श्री सुधा सागर महाराज के निर्देशन में ही चल रहें है। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम वक्ताओं द्वारा बताया गया कि मुनि श्री ने जैन समाज को जो कुछ भी दिया है और आज उन्ही के देन कि आज सिरोंज नसिया में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य जोरो पर है।



# गुरुकृपा फाइनआर्ट क्लासेस का अवलोकन करने पहुंचे वॉलीबुड स्टार गोविंद नामदेव

**सागर।** वॉलीबुड के मशहूर अभिनेता गोविंद नामदेव शहर में संचालित 'गुरुकृपा फाइन आर्ट क्लासेस' का अवलोकन करने पहुँचे। क्लासेस के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार हरिकांत दुबे भोपाल एवं आर्टिस्ट कैलाश ताम्रकार ने पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर के प्राचार्य डॉक्टर रविकांत वाजपेयजुला भी उपस्थित रहे। गुरुकृपा फाइनआर्ट क्लासेस के प्रशिक्षक हेमंत ताम्रकार व प्रशिक्षार्थियों ने प्राचार्य का पोट्रेट भेंटकर स्वागत किया। अभिनेता गोविंद नामदेव ने कक्षा के प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को देखा तथा सराहना की। उन्होंने पेंटिंग बनाने वाले प्रशिक्षार्थियों से बात की और उन्हें कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। हेमंत ताम्रकार द्वारा कला के क्षेत्र में दिए जाने वाले प्रशिक्षण की भी तारीफ की। इस दौरान क्लास के प्रफुल्ल स्वाती हलवे, शालिनी जैन, मुस्कान जैन, सोनल जैन, आस्था जैन, अंतरा जैन, प्रदीप अहिरवार, अवनी जैन, स्नेहल जैन, श्रेया सोनी, श्रेया जैन, लक्षिता जैन, काजल जैन, निशिता जैन, शोभित सोनी, यशी जैन, जेनम जैन. अर्पित जैन, तान्या जैन, योगेश कोरी से मुलाकात कर उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की हौसला अफजाई की।

## विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग की एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन आज

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा 05 दिसम्बर दिन शुक्रवार को विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी के निर्देशन में यह राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होने जा रही है। इस संगोष्ठी का विषय है "आटोनोमी मोरल एजेंसी एंड प्रोफेशनल एथिक्स" संगोष्ठी की संयोजक दर्शनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या डॉ. अर्चना वर्मा एवं आयोजन सचिव सहायक आचार्या डॉ. देबस्मिता चक्रबर्ती हैं। सदस्य दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. सत्यनारायण देवलिया एवं डॉ. नरेन्द्र कुमार बौद्ध हैं। नीतिशास्त्र की समसामयिक चुनौतियों एवं समस्याओं पर आयोजित होने जा रही इस संगोष्ठी में प्रमुख आमंत्रित वक्ता प्रो. निर्भय मिश्र (पुणे), प्रो. जे.पी. शाक्य (छतरपुर), डॉ. भास्करजीत नियोग (नई दिल्ली), डॉ. के.जे. जार्ज (जोधपुर), डॉ. राजन (प्रयागराज) है । इसके अतिरिक्त स्थानीय प्रतिभागियों, शोधार्थियों की प्रस्तुति के लिए भी तकनीकि सत्र आयोजित है। सुबह 10 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर तथा सम्मानित अतिथि कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय होंगे । उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत करेंगे।

# मानसिक तनाव व आत्महत्या की प्रवृत्ति विषय पर विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज

विगत दिनों गुलाबगंज के शासकीय कॉलेज में विद्यार्थियों के मध्य मानसिक तनाव एवं आत्महत्या की प्रवृत्ति विषय पर एक विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विभिन्न कक्षाओं के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अजीता मीना द्वारा किया उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा दैनिक जीवन में तनाव प्रबंधन की सरल तकनीकों के बारे में अवगत कराया। सत्र के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य मणि मोहन मेहता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि मानसिक तनाव अक्सर अनियोजित जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक दवाब तथा संवादहीनता के कारण बढ़ता है।

उन्होंने यह भी कहा कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि समय पर सलाह और सहायता लेने से कठिन परिस्थितियों का समाधान संभव है।कार्यक्रम में डॉ. देवराज सिंह, पूजा शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, रुचि जैन तथा रवि शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मानसिक तनाव के लक्षण, उसके दुष्परिणाम, तथा छात्रों में बढ़ते अवसाद जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव कम करने के लिए योग, ध्यान, सकारात्मक संवाद और सहायता लेने की महत्ता बताई।

विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और अपने अनुभव तथा प्रश्न साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित सहायता प्राप्त करना था, जिसे इस सत्र ने सफलतापूर्वक पूरा किया। अंत में कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और विद्यार्थियों को स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया गया।

## प्राकृतिक खेती पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सागर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड सागर के निर्देशन में प्राकृतिक खेती पर आधारित आत्मा परियोजनान्तर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम शोभापुर, विकासखंड जैसीनगर, जिला सागर मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से सम्मानित प्रगतिशील किसान प्रताप सिंह ओरिया, प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर आर. के. गौतम अगरिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, उप संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा एम.के. प्रजापति, सहायक संचालक कृषि सागर जितेन्द्र सिंह राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनिल राय, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक जैसीनगर शैलेष पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक क्रमशः कमलेश कुर्मी, सत्यम कुर्मी, विपिन जैन एवं नीलगिरी जैन, कृषि विस्तार अधिकारी जैसीनगर क्रमशः दीपक कुमार अवसारी, अखिलेश पाटीदार, सुनील मुकाती, सत्येंद्र मौर्य तथा जैसीनगर सोया समृद्धि किसान उत्पादक संगठन के संचालक जितेंद्र सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र सिंह, नारायण पटेल, सीआरपी श्रीमति बिशेषता लोधी एवं लक्ष्मी पटेल सहित 150 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को विस्तार से समझाकर 1 एकड़ में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों से अनुरोध किया।

# निगमायुक्त ने स्वयं पहुंचकर कराई बकायादारों पर तालाबंदी की कार्रवाई

### संपत्तिकर की 2 लाख 29 हजार की राशि मौके पर जमा, 2 बड़े बकायादारों ने शीघ्र राशि जमा करने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



नगर निगम की लंबित राजस्व वसूली को लेकर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए गुरु गोविंदसिंह वार्ड एवं भगवानगंज क्षेत्र में स्वयं मौके पर पहुंचकर नगर निगम की टीम के साथ बकायादारों के विरुद्ध तालाबंदी की कार्रवाई कराई। इस दौरान संजीव दुबे, राजीव दुबे गुरु गोविंद सिंह वार्ड (शराब दुकान) से संपत्ति कर 2 लाख रुपए, योगेश भाई दाना भाई भवानी सा मिल से 29 हजार 63 रुपए मौके पर जमा कराए । कपिल मदन केशरवानी ने 29 हजार 872 रूपए शुक्रवार को जमा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा भगवानगंज वार्ड में रूपचंद कुंदनलाल से 66 हजार 93/- एवं शीलाबाई रूपचंद से 66 हजार 93 रुपए संपत्तिकर बकाया राशि जमा न करने पर दुकानों में तालाबंदी की गई।

निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम की आय शहर के विकास कार्यों की रीढ़ है और बकाया राशि जमा न करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भगवानगंज क्षेत्र में बकायादारों की दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवन मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिन बकायादारों द्वारा पूर्व में कई बार सूचना देने के बावजूद कर जमा नहीं किया गया, उन्हें तालाबंदी, जल कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की सख्त चेतावनी दी गई। कुछ स्थानों पर मौके पर ही बकाया राशि जमा कराई गई।

निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि संपत्तिकर, जलकर, दुकानों का किराया एवं अन्य करों की बकाया राशि शीघ्रता से वसूली जाए, जिससे नगर निगम के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो।

### वार्ड 23 में चलाया गया जनजागरूकता अभियान

# वार्डों में पहुंचकर मतदाताओं को फॉर्म भरने प्रेरित कर रहे विधायक



**विदिशा।** भाजपा पदाधिकारियों के साथ वार्ड का निरीक्षण करते हुए विधायक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के वार्ड क्रमांक 23 के बाल बिहार चौराहा, स्वर्णकार कॉलोनी, निकासा, गुरुद्वारा, गोयल धर्मशाला और फल–सब्जी मंडी क्षेत्र में गुरुवार को विधायक मुकेश टंडन ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फॉर्म भरने की अपील की।

विधायक टंडन ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि नाम कट जाने पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि जिन लोगों ने अब तक अपने फॉर्म नहीं भरे हैं, वे शीघ्रता से बीएलओ से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वेत्रवती, आनंद जैन, राधेश्याम माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, पार्षद संतोष पेंटर, कमलेश अहिरवार, विकास भट्ट, संजीव अरोरा, कपिल कुमार, लियाकत खान, बृजेंद्र सिंह, पप्पू सरदार, वीरेंद्र धाकड़, पवन पंजाबी, आसिफ पटेल, अरुण पटेल, रविंद्र रघुवंशी, राघवेंद्र विश्वकर्मा, राजेंद्र ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धर्म के मार्ग पर चलने वाला कभी पराजित नहीं होता



**शमशाबाद।** नगर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक पंडित बद्री प्रसाद शास्त्री ने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वाला कभी पराजित नहीं होता। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जीवन मूल्यों, सदाचार और सत्य की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। कथा में भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को भाव-विह्वल कर दिया। कथा आयोजक भगवान सिंह यादव, प्रदीप यादव, प्रवीण यादव, गुड्डू यादव ने बताया कि कथा के समापन पर कन्या भोजन भंडारे का आयोजन किया गया।

### युवा कांग्रेस का शंखनाद

**सागर।** जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराधों तथा नशीले पदार्थों, अनैतिक गतिविधियों व अवैध शराब, जुआ,सट्टा के कारोबार से जिले के युवा नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोक पाने में पुलिस प्रशासन के नाकाम होनें तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला युवा कांग्रेस नें शंखनाद की शुरुआत की।

# वृद्धजनों का कहना माने और घर को श्रेष्ठ संस्कारों से स्वर्ग समान बनाएं ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, ग्रीन पार्क कॉलोनी गुलाबगंज द्वारा गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन पर आधारित अखिल भारतीय अभियान के तहत वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (भारत सरकार) तथा ब्रह्माकुमारीज़ समाज सेवा प्रभाग के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण और पीढ़ियों के बीच सामंजस्य बढ़ाने की राष्ट्रीय पहल का हिस्सा है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि शिक्षा हमें ज्ञान देती है, पर जीवन का अनुभव हमें अपने बुजुर्गों से ही मिलता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने दादा-दादी, नाना-नानी और माता-पिता के साथ समय बिताएं, उनसे सीखें और उनके जीवन संघर्षों को समझें। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग घर के 'चलते-फिरते वैद्य' होते हैं, जिनके अनुभव जीवन की कई समस्याओं का सरल समाधान दे देते हैं। इसलिए बुजुर्गों का साथ छोड़ना नहीं चाहिए, क्योंकि वही परिवार की नींव और हमारा मूल आधार हैं। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि बुजुर्ग नहीं होते तो हम भी नहीं होते। उन्होंने कहा उनकी वजह से ही हमारा अस्तित्व, हमारा नाम और हमारी पहचान है। उनकी प्रॉपर्टी हो या सम्मान, हमें सदैव उसे सहेजकर रखना चाहिए। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वृद्धजनों का कहना मानकर घर में श्रेष्ठ संस्कारों का वातावरण बनाएं, जिससे परिवार स्वर्ग समान बन सके।

स्कूल के डायरेक्टर दानिश जाफ़री ने कहा कि समाज में मात-पिता और बुजुर्गों को मिलने वाला सम्मान लगातार कम हो रहा है, जो अत्यंत दुखद है। बच्चों में संस्कारों का संचार करना प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है। वहीं प्रिंसिपल अजय कुमारदास ने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर और घर की जड़ हैं। यदि उन्हें सम्मान और स्नेह रूपी जल मिलता रहेगा, तो परिवार सदैव खुशहाल रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने ब्रह्माकुमारी दीदियों का आभार व्यक्त किया।

### एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन आज

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा 05 दिसम्बर दिन शुक्रवार को विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी के निर्देशन में यह राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होने जा रही है। इस संगोष्ठी का विषय है "आटोनोमी मोरल एजेंसी एंड प्रोफेशनल एथिक्स" संगोष्ठी की संयोजक दर्शनशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या डॉ. अर्चना वर्मा एवं आयोजन सचिव सहायक आचार्या डॉ. देबस्मिता चक्रबर्ती हैं। सदस्य दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. सत्यनारायण देवलिया एवं डॉ. नरेन्द्र कुमार बौद्ध हैं। नीतिशास्त्र की सम सामयिक चुनौतियों एवं समस्याओं पर आयोजित संगोष्ठी में कई प्रमुख आमंत्रित वक्ता रहेंगे।

### कीमती सामान की सुरक्षा के लिए मैरिज गार्डन और पंडालों पर पुलिस की नजर

# चोरी की वारदातों को रोकने पुलिस ने नजर की पैनी, अभियान में लोगों को भी करेंगे जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में इन दिनों शादी विवाह की धूम जोरशोर से चल रही है। ऐसे में भीड़भाड़ यात्राओं, कीमती सामान गहने नकदी के उपयोग के कारण सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौतियां और भी बढ़ जाती हैं। इनमें सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम बेहतर करने मैरिज गार्डन और शादी पंडालों पर अब स्थानीय पुलिस की पैनी नजर भी रहेगी। इस पर फोकस करने के लिए नवागत एसपी आशुतोष गुप्ता और उनके अधीनस्थ अधिकारियों पुलिस टीम अलर्ट होकर कार्य करेगी।

नवागत एसपी गुप्ता शहर सहित जिलेभर के मैरिज गार्डन और धर्मशालाओं के संचालकों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर पर सीसीटीवी कैमरे प्रमुखता के साथ अन्य तमाम सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करें। ताकि लोगों के कीमती सामान की सुरक्षा ठीक तरह से होती रहे। मैरिज गार्डनों, शादी हॉल, विवाह पंडाल और धर्मशालाओं में प्रवेश और निकास द्वार पर सीटीवी कैमरे क्रियाशील लगाए जाएं। मैरिज गार्डनों के बाहर सुरक्षा की निगरानी के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं।

वहीं शादी के दौरान मैरिज गार्डन के समीप महिला कक्षों के आसपास निगरानी तगड़ी होना चाहिए। ताकि आभूषण और नगदी चोरी जैसी वारदातें घटित नहीं हो सकेंगी। संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही रोकने के लिए आमंत्रण पत्र और डिजिटल पास की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

#### शादी गार्डन सहित बाजार में पुलिस ने बढ़ाई गश्त

मैरिज गार्डन होटल और विवाह वाले बाजारों में अतिरिक्त पुलिस के इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि अनैतिक गतिविधियों घटित ना हो सके. पुलिस कंट्रोल रूम से भी आशा मलिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है साथ ही सार्वजनिक चौराहा चौक चौराहा और मोहल्ले में हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं।




### शादी गार्डन संचालकों को एसपी के निर्देश- सुरक्षा व्यवस्था रखें चाकचौबंद

#### जरूरत पड़ने पर मदद के लिए पुलिस को करें कॉल

- शादी समारोह पर मौजूद लोग किसी भी असामान्य गतिविधि हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार का विवाह झगड़ा चोरी आदि की सूचना तुरंत डायल 112 पुलिस गाड़ी को दें। साथी नजदीकी थाने में भी इस मामले की सूचना दी जा सकती है। पुलिस अधिकारियों का यह भी कहना है कि जल्दी सूचना देने से घटना घटित होने से रूक सकती है।

#### विवाह कार्यक्रमों में शांति और सौहार्द बनाए रखना

- पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में नागरिकों और आयोजकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस ने नागरिकों से कहा है कि वह सतर्क रहें, सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि आनंद के इस मौसम में सभी कार्यक्रम सुरक्षित और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

#### इनका कहना है

जिलेभर में चलेगा जागरूकता अभियान जिले भर में पुलिस द्वारा मैरिज गार्डन और धर्मशालाओं में जागरूकता अभियान जल्द ही शुरू किया जाएगा। ताकि मैरिज गार्डन में होने वाली नकदी चोरी, आभूषणों की चोरी पर विराम लग सके। इसके लिए बाकायदा अभियान शुरू होगा और पुलिस शादी आयोजको और मैरिज गार्डन संचालक को जागरूकता के टिप्स देगी।

\- आशुतोष गुप्ता, एसपी रायसेन।

#### पुलिस शादी के आयोजकों को सलाह देगी की खुले में कीमती सामान, गहने न रखें

इस अभियान के जरिए पुलिस शादी समारोह एवं अन्य आयोजनों में कीमती सामान सोना-चांदी के आभूषणों एवं नकदी रूपयों की निगरानी के लिए खुद ही अलर्ट रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। पुलिस शादी के आयोजकों को सलाह देगी की खुले में कीमती सामान, गहने न रखें जाएं। उन्हें सुरक्षित जगह पर रखा जाए। पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त रोशनी के इंतजाम कराए जाएं। सीसीटीवी कैमरे मजबूत लॉकिंग की व्यवस्था की जाए तो बेहतर होगा। ताकि तोड़फोड़, वाहन चोरी जैसी घटनाओं को रोका जा सके। लोगों को बिल्कुल परेशानी ना हो। लेकिन शादी आयोजनों का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व वाहन चोरी और नकदी रूपयों की चोरी की वारदात को अंजाम दे देते हैं, जिसमें आनंद में विघ्न डल जाता है। इसीलिए पुलिस व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा और सावधानी बरतने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

# बस स्टैंड का नप अध्यक्ष ने किया अचानक निरीक्षण

### गंदगी मिलने पर दो जमादार हुए निलंबित



#### दो जमादारों को थमाया नोटिस और हाथ ठेला लगाकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने अचानक बस स्टैंड पहुंचकर साफ-सफाई और विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। 20 दिनों पूर्व भी नगर परिषद अध्यक्ष चौधरी ने बस स्टैंड का निरीक्षण किया था टूटे नल खराब बंद लाइट गंदे शौचालय और यात्रियों को बैठने की ठीक व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त कर सुधार कार्य भी करवाए गए थ।

जब नगर परिषद अध्यक्ष ने पुनः बस स्टैंड का निरीक्षण किया तो गंदगी और अवस्थाएं देखकर नाराजगी जाहिर की।

#### व्यवस्थाएं देखी

नप अध्यक्ष चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए 2 जमादार दिनेश डागोर, देवकरण डागोर को निलंबित कर दिया। साफ सफाई कार्यो में लापरवाही बरतने वाले दो जमादारों को नोटिस भी जारी किए। साथ ही बस स्टैंड के आसपास वाले वार्डो का निरीक्षण कर साफ सफाई स्ट्रीट लाइट की व्यवस्थाएं देखी। बस स्टैंड पर हाथठेले, दुकानदारों के अतिक्रमण पर 15 दिनों में कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश सीएमओ को दिए।

#### इनका कहना है

साफ सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। टूटी सड़कों की शीघ्र मरम्मत कार्य होगा, जो कर्मचारी काम नहीं करेंगे उन्हें निलंबन किया जाएगा। नगर को स्वच्छ, साफ सुंदर बनाना नगर परिषद के साथ नागरिकों की भी जिम्मेदारी है।

\- हेमंत राजा भैया चौधरी, अध्यक्ष नगर परिषद बरेली।

---

*विस उदयपुरा-सिलवानी में 100 प्रतिशत डिजिटाइज्ड पूर्ण, भोजपुर में 98.37 और सांची में हुआ 99.13 प्रतिशत कार्य पूर्ण*

# जिलेभर में 99.36 फीसदी से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) अंतर्गत गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक रायसेन जिले में कुल 99.36 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूर्ण हो गया है तथा कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा ने डिजिटाइजेशन में लगे सभी शासकीय सेवकों, बीएलओ तथा सहयोगी नागरिकों के समन्वित प्रयास की सराहना की है।

गुरुवार को शाम 4 बजे तक जिले के विधानसभा उदयपुरा तथा विधानसभा सिलवानी में गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य 100 फीसदी पूर्ण हो गया है। विधानसभा उदयपुरा में सभी 2 लाख 68 हजार 799 गणना पत्रकों तथा विधानसभा क्षेत्र सिलवान में सभी 2 लाख 34 हजार 50 गणना पत्रकों का डिजटाइजेशन पूर्ण हो गया है। विधानसभा भोजपुर में 98.37 प्रतिशत और विधानसभा सांची में 99.13 प्रतिशत गणनों पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है।



### चौथे दिन शुरू हो सका यातायात

# टूटे पुल मामले में जीएम के बाद एजीएम भी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सोमवार को बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास मछवाई नाले का पुल मरम्मत कार्य के दौरान टूट गया। तभी से दो अलग-अलग ग्रामीण मार्गो से किसी प्रकार वाहनों यात्री बसों का आना-जाना लगा हुआ था टूटे पुल के निचले हिस्से से कुछ हटकर एमपी आरडीसी द्वारा आनन फानन में डायवर्सन मार्ग का निर्माण शुरू किया गया।

चौथे दिन गुरुवार को बनाए गए डायवर्सन मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाने से यात्रियों एवं वाहन चालकों को बड़ी राहत मिल गई।



#### जांच कमेटी बनाई

पुल टूटने के मामले में एमपीआरडीसी के अधिकारियों द्वारा प्रबंधक एए खान को उसी दिन निलंबित कर दिया था। पिपरिया मार्ग की जिम्मेदारी एजीएम विक्रम सिंह ठाकुर को भी निलंबित कर दिया है। मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है जिसकी जांच जारी है।

### तेज रफ्तार में सामने से आ रहे वाहन को बचाने में हादसा

# मिलिट्री कैंप के सामने धान से भरी ट्राली पलटी, दूसरी घटना में ट्रक खाई में उतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर मिलिट्री कैंप के सामने धान लेकर विदिशा की तरफ जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर रोड परी पलट गई। हालांकि इस दुर्घटना में किसी को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार ट्रैक्टर बुधवार देर शाम धान लेकर विदिशा जा रहा था जैसे ही मिलिट्री कैंप के सामने ट्रैक्टर ट्राली पहुंचे तो सामने से दूसरा वाहन तेज गति से आ गया उसको बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने ट्रैक्टर ट्राली को रोड से नीचे उतर ही था रोड के नीचे की साइट गहरा गड्ढा आ जान के कारण ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पूरी धान रोड पर बिखर गई।

मजदूरों को बुलाकर वापस दूसरे दिन धान को ट्राली में भरा गया। वहीं दूसरी दुर्घटना कर्क रेखा पर हुई, जहां एक ट्रैक्टर विदिशा से भोपाल की तरफ जा रहा था। कर्क रेखा के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होते हुए 8 फीट गहरी खाई में उतर गया। वह तो गनीमत रही की ट्रैक्टर नहीं पलटा नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो जाती। दोनों ही दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है।




क्षेत्र से गुजरे भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा कोई सा दिन नहीं आता जिस दिन इस सड़क पर चार से पांच दुर्घटनाएं ना होती हो। क्षेत्र के लोग कई वर्षों से रोड को चौड़ीकरण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

---

### निधि ने किया जिले का नाम रोशन

# सिविल जज बनने पर निधि को पेंशन कर्मचारी संघ ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में हर्ष और गर्व का माहौल देखने को मिला, जब पेंशन कर्मचारी संघ रायसेन के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के आरके राजपूत के आवास पर पहुंचकर उनकी सुपुत्री निधि राजपूत को सिविल जज के पद पर चयनित होने पर बधाई दी।

संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि निधि राजपूत की यह उपलब्धि न सिर्फ परिवार के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। ईमानदारी कड़ी मेहनत, लगन निष्ठा और समर्पण से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने आरके राजपूत का हारफूलों से स्वागत कर उनके पालन-पोषण और शिक्षा के प्रति किए प्रयासों की सराहना की। परिवार ने भी आगंतुकों का आभार जताया और कहा कि यह उपलब्धि पूरे समाज के आशीर्वाद और सहयोग से संभव हुई है।

# 3 वर्ष बाद पुनः अपनी जन्मभूमि आए मुनिद्वय

#### आज खरगोन के खोना बाले बाबा मंदिर में कर्म दहन विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली/खरगोन

मुनियों के नगर आगमन से खरगोन जैन समाज सहित पूरा ग्राम भाव विभोर हो गया। इस दौरान नगर में अत्यंत हर्ष और उल्लास का वातावरण देखने को मिला, जब 3 वर्ष के अंतराल के बाद पट्टाचार्य आचार्यश्री 108 विशुद्ध सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य, खरगोन नगर गौरव एवं सरस रामकथा वाचक मुनि श्री 108 साक्ष्य सागर , मुनि श्री 108 निवृत सागर जी महाराज का पुनः आगमन हुआ। दोनों मुनियों के नगर आगमन के दौरान खरगोन, बरेली, सिलवानी, होशंगाबाद और भोपाल से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित सकल जैन समाज के साथ-साथ समस्त खरगोन निवासी और महाराज श्री के मित्रों और बाल सखाओं ने भव्य अगवानी की गई।



#### आज होगा कर्म दहन विधान का आयोजन

महाराज श्री खोना वाले बाबा के दर्शनार्थ पहुंचे, जहां भक्तों के मध्य अभिषेक एवं मंगलाचरण संपन्न हुआ। महाराज जी के सानिध्य में भक्तों ने भक्ति और समर्पण भाव से उपस्थित होकर धार्मिक पुण्य अर्जित किया। खरगोन स्थित खोना वाले बाबा मंदिर में शुक्रवार प्रातः 8 बजे से महाराजश्री के सान्निध्य में कर्म दहन विधान का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है।

### पर्यटकों को पहुंचने में होती है परेशानी

# लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का सलामतपुर में नही है स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

कस्बे के आसपास काफी पर्यटन स्थल हैं और यहां से प्रतिदिन लगभग चार सौ यात्री अपडाउन करके भोपाल या विदिशा के लिए जाते हैं। लेकिन सलामतपुर स्टेशन पर कोई भी लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन नही रुकती है। जबकि पास में ही सतधारा के बौद्ध स्तूप और सुनारी के स्तूप और सलामतपुर में सांची बौद्ध यूनिवर्सिटी का भी निर्माण पूरा होने के बाद क्लासें शुरू हो गई हैं। अगर यहां पर लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू कर दिया जाए तो पर्यटन बढ़ने के साथ ही स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार भी आसानी के साथ मिल सकेगा।

ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर कई बार स्थानीय नागरिकों के साथ ही अपडाउनर्स ने भी ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखी है। लेकिन रेलवे विभाग ने अभी तक समस्या का समाधान नही किया है।

---

### पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का जिले में भी दिख रहा असर

# मौसम ने फिर बदली करवट, ठंड ने पकड़ा जोर

#### बार-बार मौसम में हो रहे बदलाव से लोगों की सेहत पर पड़ रहा बुरा असर, तापमान में भी लगातार देखी जा रही है गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ठंड के मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। पश्चिमी विक्षोभ और मौसम की नई कार्य प्रणालियां सक्रिय होने से तेज ठंड पड़ने के आसार बने हुए हैं।

उत्तर-पश्चिम भारत और आसपास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ 3 से 4 किमी की ऊंचाई तक सक्रिय है। इसके चलते हवा की दिशा में परिवर्तन होगा और उत्तरी हिस्सों से आने वाली ठंडी हवाएं रायसेन जिले की ओर बहना शुरू हो जाएंगी। इसका सीधा असर तापमान पर पड़ेगा। रात का पारा तेजी से गिरेगा और सुबह-सुबह कोहरा छाया रहेगा। रायसेन में ठंडक बढ़ेगी। एक नई प्रणाली भी सक्रिय हो रही है, जो आगामी दिनों में तापमान को और गिराएगी। इसके चलते दिसंबर महीने की शुरुआत इसी ठंडे रुख के साथ हो चुकी है।

आने वाले दिनों में हवा की गति में उतार-चढ़ाव रहेगा और रात में नमी थोड़ा बढ़ेगी। इससे सुबह घना कोहरा छा सकता है। रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट आ चुकी है। सुबह-शाम सर्द हवा का प्रभाव बढ़ने लगा है। दिसंबर महीने के पहले सप्ताह की शुरुआत सामान्य से ज्यादा ठंडी हो सकती है।

नवंबर भले ही उम्मीद के मुताबिक ठंडा नहीं रहा, लेकिन महीना खत्म होने से पहले मौसम बदलाव का संकेत दे चुका है। तीन सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण ठंड अब लगातार तेज होगी।

#### आने वाले दिनों में हवा की गति में रहेगा उतार चढ़ाव और रात में तापमान में आएगी गिरावट



#### आंध्रप्रदेश की ओर बढ़ रहा चक्रवात

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तर श्रीलंका के ऊपर चक्रवाती तूफान सक्रिय है, जो कई तट के करीब से गुजरते हुए दक्षिण आंध्रप्रदेश की ओर बढ़ रहा है। हालांकि यह प्रणाली मध्य भारत के बाद मप्र तक अधिक नमी नहीं पहुंचा पा रही, इसलिए बादल कम बनेंगे, लेकिन समग्र वातावरण जरुर ठंडा बनेगा।

# दीवानगंज में 100 उद्यमी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम दीवानगंज में वेलस्पन फाउंडेशन व क्रियान्वयन संस्था निवसीड संस्था के माध्यम से महिला उद्यमी प्रशिक्षण रखा, जिसमें वेलस्पन परियोजना, निवसीड बचपन भोपाल के नेतृत्व में पंचायत भवन दीवानगंज में महिला उघामी प्रशिक्षण रखा गया।

भोपाल और सांची ब्लॉक के कई गांवों की जरूरतमंद महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने को लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने को लेकर वेलस्पन फाउंडेसन के सहयोग से 100 महिलाओं को अलग अलग क्षेत्र में प्रशिक्षित कर उन्हें सहयोग किया गया। जिसमें सिलाई, कढ़ाई, जुट मेकरम, ब्यूटी पार्लर, आर्टिफिशल ज्वेलरी सब्जी, जनरल स्टोर, स्टेशनरी व डेली निडस सब्जी के बीज दिए गए थे।



संस्था के माध्यम से सभी लाभार्थियों को प्रशिक्षक दीप्ति दीवान के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिससे उनकी क्षमतावर्धन कर उनके व्यवसाय को और बेहतर कैसे बनाया जा सके इसको लेकर गाइड किया जाता है। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक दीप्ति दीवान, रिंकू दुबे, शिवम शर्मा, ओमप्रकाश रैकवार सहित निवसीड संस्था के कार्यकर्ता एवं महिला उद्यमी उपस्थित रहे।